851. राजस्थान में भील और गरासिया लोगों को संगठित करने के लिए सम्प सभा की स्थापना की थी-
(a) गोविंद गुरु (b) जोरावर सिंह
(c) मोतीलाल तेजावत (d) भोगीलाल पांडया
स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

852. गोविन्द गिरि ने किस सभा की स्थापना की?
(a) धर्म सभा (b) भील सभा
(c) राज सभा (d) सम्प सभा
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

853. दामोर जनजाति का मुख्य व्यवसाय है:
(a) खेती करना (b) शिकार करना
(c) फल इकट्ठा करना (d) मछली पालन
Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (a) : दामोर जनजाति राजस्थान के डूंगरपुर, बांसवाड़ा एवं उदयपुर जिले में सर्वाधिक पायी जाती है। इस जनजाति का मुख्य व्यवसाय कृषि है। दामोर गुजरात राज्य के प्रवासी होने के कारण स्थानीय भाषा के साथ-साथ गुजराती भाषा का भी प्रयोग करते हैं। दामोर जनजाति में एकाकी परिवार की प्रथा होती है।

854. 'डामोर' जनजाति अधिकतर पायी जाती है-
(a) कोटा और बारां में (b) भीलवाड़ा में
(c) डूँगरपुर और बांसवाड़ा में (d) प्रतापगढ़ में
VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

855. राजस्थान में राईका जाति किस व्यवसाय से संबंधित है?
(a) परंपरागत घोड़े पालन-पोषणकर्ता
(b) परंपरागत ऊंट पालन-पोषणकर्ता
(c) नमक व्यापारी
(d) गाँव से गाँव माल बेचने वाले
कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (b) – रबारी राइका सिंधु घाटी सभ्यता की प्राचीनतम खानाबदोश जातियों में से एक है। यह एक क्षत्रिय कौम है। रबारी जाति का मुख्य व्यवसाय पशुपालन है, यह ऊँटपालक जाति है। रबारी जाति को रैबारी, रायका, राइका, देवासी, सहवारी, ऊँट पालक जाति के नाम से भी पहचाना जाता है। राजस्थान के जोधपुर संभाग में पाली सिरोही, जालौर, बाड़मेर में रबारी समाज बहुत ज्यादा संख्या में निवास करती है।

856. 'टापरा' घर है-
(a) जोगी का (b) भील का
(c) मीणा का (d) सहरिया का
पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (b) – कर्नल जेम्स टॉड ने भीलों को 'वनपुत्र' कहा था। भील शब्द की उत्पत्ति 'विल्लुवर' से हुई है जिसका अर्थ 'धनुष' है। यह जनजाति राजस्थान के बासवाड़ा, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर (सर्वाधिक), चितौड़गढ़ जिलों में निवास करती है। भीलों के कच्चे मकान को 'कू', मोहल्ले को 'फलां', गाँव को 'पाल' तथा घरों को 'टापरा' कहा जाता है। इनके द्वारा पहाड़ी भागों पर 'चिमाता' नामक कृषि की जाती है। भीलों के गाँव के मुखिया को गमेती या पालवी कहा जाता है।

857. राजस्थान में भीलों द्वारा पहाड़ी भागों में की जाने वाली कृषि कहलाती है-
(a) दजिया (b) चिमाता
(c) झूम (d) बेवर
Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

858. 'कू' संबंधित है-
(a) भील जनजाति के घर से
(b) गरासिया जनजाति के हथियार से
(c) भील जनजाति के कपड़ों से
(d) मीणा जनजाति के त्योहार से
Head Cleark combined Exam-2018
स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

859. राजस्थान की भील जनजाति में गाँव का मुखिया कहलाता है-
(a) पालवी (b) पाल
(c) फला (d) गमेती
पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

860. 'गमेती' निम्नलिखित में से किस जनजाति के लोगों का नेता होता है?
(a) भील (b) मीणा
(c) गुर्जर (d) गरासिया
कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

861. दजिया और चिमाता राजस्थान की किस जनजाति से सहसम्बन्धित है?
(a) गरासिया (b) सहरिया
(c) मीणा (d) भील
VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

862. 'पाल' किसे कहते हैं?
(a) भीलों की बस्ती
(b) मीणाओं की बस्ती
(c) सहरियाजी की बस्ती
(d) जनजातियों द्वारा की जाने वाली खेती
VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

863. भील जनजाति में 'पेय पदार्थ' हेतु किस वृक्ष/पौधा का अधिक उपयोग किया जाता है?
(a) आम (b) अंगूर
(c) महुआ (d) खेजड़ी
VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (c) – भील जनजाति गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान आदि राज्यों में पाये जाते हैं। ये लोग पेय पदार्थ हेतु महुआ का अधिक प्रयोग करते हैं। भीलों में छेड़ा फाड़ना तलाक की विधि है। कछावू, भील महिलाओं द्वारा घुटने तक पहना जाने वाला घाघरा है।